# <u>निबंधन एवं शर्तें (टीओआर) - परामर्शदाता/ वरिष्ठ परामर्शदाता- प्रशिक्षण</u>

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) की स्थापना राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत जन स्वास्थ्य प्रणाली के सुदृढ़ीकरण के लिए राज्यों को तकनीकी सहायता प्रदान करने तथा क्षमता निर्माण में सहायता करने हेतु एक स्वायत्तशासी पंजीकृत सोसायटी के रूप में गई है। एनएचएसआरसी स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से पूर्णतया संविदा आधार पर निन्मलिखित पदों पर भर्ती करने का इच्छुक है:-

<table>
<tr><td>पद का नाम</td><td colspan="3">वरिष्ठ परामर्शदाता/ परामर्शदाता- प्रशिक्षण</td></tr>
<tr><td>पदों का संख्या</td><td colspan="3">1</td></tr>
<tr><td>अवधि</td><td colspan="3">एक वर्ष</td></tr>
<tr><td>स्थान</td><td colspan="3">नई दिल्ली</td></tr>
<tr><td>पद का प्रकार</td><td colspan="3">संविदा पर</td></tr>
<tr><td>पद</td><td>न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता</td><td>न्यूनतम अनुभव</td><td>परिश्रमिक</td></tr>
<tr><td>परामर्शदाता</td><td rowspan="2">यूजीसी/एआईसीटीई के मान्यताप्राप्त किसी संस्थान से जन स्वास्थ्य/ सामुदायिक आयुर्विज्ञान/ मानवविज्ञान / स्वास्थ्य प्रबंधन/अस्पताल प्रबंधन / जन स्वास्थ्य इन्फोमैटिक्स में स्नातकोत्तर डिग्री<br>अथवा<br>बी टैक (सूचना प्रौद्योगिकी/कंप्यूटर विज्ञान/ इलॅक्ट्रॉनिक्स) और एमबीए (पूर्णकालिक)<br>अथवा<br>एमबीबीएस और एमबीए (पूर्णकालिक)</td><td>3 वर्ष अथवा इससे ज्यादा</td><td>60,000/- रुपए से 90,000/- रुपए प्रति माह</td></tr>
<tr><td>वरिष्ठ परामर्शदाता</td><td>7 वर्ष अथवा इससे ज्यादा</td><td>90,000/- रूपए से 1,20,000/- रुपए प्रति माह</td></tr>
<tr><td>आयु सीमा</td><td>दिनांक 24/01/2017 को अधिकतम आयु 45 वर्ष</td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>वांछित दक्षताएं</td><td colspan="3">• प्रशिक्षण मॉड्यूल, प्रशिक्षण सामग्री तथा प्रस्तुतिकरण को विकसित करने, प्रशिक्षण योजना, प्रशिक्षण फ्लायर विकसित करने तथा प्रशिक्षण कलैंडर के रख-रखाव का अनुभव।<br>• उत्कृष्ट संप्रेषण तथा प्रदर्शन दक्षताएं, विश्लेषणात्मक एवं अंतर वैयक्तिक क्षमताएं, अंग्रेजी बोलने व लिखने का उत्कृष्ट ज्ञान होना। हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान भी वांछनीय है।</td></tr>
</table>

| | |
|---|---|
| | • एमएस ऑफिस, एप्लीकेशन टेस्टिंग, स्वास्थ्य में आईसीटी का आधार बूथ ज्ञान, डाटा माइनिंग तथा एसपीएसएस, एसटीएटीए इत्यादि जैसे सॉफ्टवेयर टूल का उपयोग करते हुए डाटा विश्लेषण करना।<br>• बहु-विषयक दल युक्त परिवेश में कार्य करने की क्षमता।<br>• तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों तथा जिलों में यात्रा करने हेतु इच्छुक होना चाहिए तथा एक ही समय अलग-अलग कार्यों को निष्पादित करने की क्षमता होनी चाहिए ताकि सौंपे गए कार्य को नियत समय-सीमा में पूरा किया जा सके।<br>• केंद्र/राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र के स्वास्थ्य विभाग के साथ कार्य करने का अनुभव-प्राप्त अभ्यार्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। |
| दायित्व एवं उत्तरदायित्व | • कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिए विभागों (केंद्र, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र और अन्य सम्मिलित हितधारक) से कार्यात्मक एवं तकनीकी अपेक्षाएं समझना तथा गुणवत्ता युक्त एवं मानक संकल्पना दस्तावेज, डिजाइन दस्तावेज, प्रक्रिया प्रवाह दस्तावेज तथा अपेक्षाओं संबंधी प्रयोक्ता निर्देशिका तैयार करना।<br>• सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में एमसीटीएस/आरसीएच पोर्टल के बारे में प्रशिक्षण का प्रभावी डिजाइन बनाने तथा निष्पादन करने के लिए सरकार/मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क स्थापित करना।<br>• राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों में प्रशिक्षणों के प्रभाव एवं संसाधन सामग्री के विकास की मॉनिटरिंग के लिए प्रशिक्षण दिशानिर्देश, प्रशिक्षण योजनाएं, प्रशिक्षण मॉड्यूल और नियमावली तंत्र विकसित करना।<br>• प्रशिक्षण प्रभावकारिता/ प्रभाव का आकलन/मूल्यांकन करना।<br>• साधन संपन्न व्यक्तियों, सरकारी एवं निजी क्षेत्र के हितधारकों के साथ संपर्क बनाना।<br>• आवधिक आधार पर प्रशिक्षण आवश्यकता की पहचान करना, प्रशिक्षण के प्रयोजन से एमसीटीएस/आरसीएच आंकड़ों का विश्लेषण करने के लिए प्रभागों तथा अन्य हितधारकों की टीमों के साथ मिलकर कार्य करना।<br>• राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को एमसीटीएस/ आरसीएच एप्लीकेशन के कार्यान्वयन में सहयोग प्रदान करना तथा प्रशिक्षण से संबंधित सभी टीओआर में क्षमता निर्माण/ प्रशिक्षण में सहायता करना।<br>• क्षेत्रीय स्तर पर विभिन्न आरएमएनसीएच+ए कार्यक्रम के प्रभाव एवं कार्यान्वयन आकलन के लिए एमसीटीएस/आरसीएच पोर्टल के आंकड़ों का संकलन एवं विश्लेषण करना तथा नियम विरूद्ध क्षेत्रों की मॉनिटरिंग व मूल्यांकन करने के लिए उनकी पहचान करना तथा प्रशिक्षण कलैंडर तैयार |

| | |
|---|---|
| | करना। <br>• स्थितिपरक विश्लेषण करना, प्रशिक्षण आवश्यकताओं का आकलन करना तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने हेतु प्रणाली का निर्माण करना। <br>• एमसीटीएस/आरसीएच एप्लीकेशन को सुदृढ़ बनाने हेतु अनमोल, किलकारी, मोबाइल अकादमी, आरसीएच सिटीजन पोर्टल तथा अन्य एप्लीकेशन के लिए प्रशिक्षण, समीक्षा तथा कार्यान्वयन सहयोग उपलब्ध कराना। |
| अन्य शर्तें एवं निबंधन | • त्यागपत्र देने के मामले में अभ्यर्थी द्वारा एक माह का नोटिस दिया जाना चाहिए। <br>• परियोजना के लिए भारत में कहीं भी यात्रा करने के लिए तैयार होना चाहिए। |

**आवेदन कैसे करें:** कैंडिडेट्स को अनुरोध किया जाता हैं के वह निर्धारित आबेदन पत्र को डाउनलोड करे और विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र के ई.मेल mcts.recruitment@nhsrcindia.org में दिनांक **24-Jan-2017** को अपराह्न्न **4** बजे तक **अवश्य भेज दे**। केवल निर्धारित **ToR के साथ संलग्न आवेदन पत्र** में ही आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

नोट:

- कृपया आवेदन पत्र में आयु, डिग्री उत्तीर्ण करने का वर्ष, मौजूदा तथा विगत रोजगार संबंधी ब्यौरा (दिनांक -माह-वर्ष प्रपत्र में) देना अनिवार्य है जिसके बिना इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- कृपया आवेदित पद के संबंधित विषय (ई-मेल में) पर सही उल्लेख करना सुनिश्चित करें, जिसके बिना इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- अर्हता के उपरांत प्राप्त अनुभव पर ही विचार किया जाएगा।